## -: विज्ञप्ति :-

## राजस्थान आवासन मण्डल कनिष्ठ सहायक (Junior Assistant) सीधी भर्ती परीक्षा 2023

### द्वितीय भाग :- टंकण गति परीक्षण (Typing Speed Test ) एवं दक्षता परीक्षा (Efficiency Test)

| प्रश्न पत्र सं. | विषय | समय | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | हिन्दी टंकण गति परीक्षण | 10 मिनट | 25 |
| 2 | अंग्रजी टंकण गति परीक्षण | 10 मिनट | 25 |
| 3 | हिन्दी दक्षता परीक्षण | 10 मिनट | 25 |
| 4 | अंग्रजी दक्षता परीक्षण | 10 मिनट | 25 |

परीक्षा के संबंध में सामान्य नियम, प्रश्न पत्र के स्वरूप, परीक्षा की प्रक्रिया, मूल्यांकन संबंधी मानदंड, अभ्यर्थियों के लिये दिशा–निर्देश निम्नानुसार होंगे:–

क - गति परीक्षण ( Speed Test)

1) दोनों भाषाओं (हिन्दी एवं अंग्रेजी) का प्रत्येक भाग 25 अंकों का होगा एवं प्रत्येक भाग के लिये 10 मिनट का समय दिया जायेगा।
2) अभ्यर्थियों को दोनों भाषाओं (हिन्दी एवं अंग्रेजी) का प्रश्न पत्र परिच्छेद (Paragraph ) के रूप में प्रदर्शित किया जावेगा। अंग्रेजी में परिच्छेद 500 शब्दों का होगा एवं हिन्दी में परिच्छेद 400 शब्दों का होगा।
3) अंग्रेजी में प्रत्येक सही शब्द पर 0.05 अंक निर्धारित होंगे तथा हिन्दी में प्रत्येक सही शब्द पर 0.0625 अंक निर्धारित होंगे।
4) अभ्यर्थियों द्वारा किये गये टंकण गति कार्य के मूल्यांकन हेतु अंकों की गणना प्रक्रिया में निम्नांकित त्रुटियों के अंक नहीं दिये जावेगें :-
   - गलत वर्ण शब्द या अंक लिखना
   - वर्णों, शब्दों या अंकों का छूटना
   - वर्णों, शब्दों, अंकों या पंक्ति की पुनरावृत्ति करना
   - विराम चिह्नों का यथावत प्रयोग नहीं करना, शब्द-अंतराल में त्रुटि करना
   - अंग्रेजी में कैपिटल एवं स्माल लेटर का यथावत प्रयोग नहीं करना
   - हिन्दी में मात्राओं का यथावत प्रयोग नहीं करना

ख - दक्षता परीक्षण (Efficiency Test)

1) दक्षता परीक्षण MS Word 2007 में दोनों भाषाओं (हिन्दी एवं अंग्रेजी) में करायी जायेगी जिसमें पैराग्राफ एवं टेबल से संबंधित प्रश्न दिये जायेंगे। उदाहरण:- Paragraph Paging, Header, Footer, Font, Background, Table, Border, Spacing Find, Replace etc.
2) दक्षता परीक्षण आवश्यकतानुसार Back Space का उपयोग किया जा सकता है।
3) दोनों भाषाओं (हिन्दी एवं अंग्रेजी) का प्रत्येक भाग 25 अंकों का होगा एवं प्रत्येक भाषा के लिये 10 मिनट का समय दिया जायेगा ।
4) दक्षता परीक्षा के दौरान कम्प्यूटर की कट-कॉपी-पेस्ट (Cut- Copy Paste), राईट माउस क्लिक (Right Mouse Click), Select All, सभी फंक्शन की (Function Keys) के अलावा सभी Keys कार्य करेंगी ।
5) प्रत्येक सही कार्य का मूल्यांकन प्रश्न पत्र में आवंटित अंकों के आधार पर किया जायेगा ।
6) प्रश्नों में विशेषतः पूछे गये फोरमेटिंग (Formatting) के अतिरिक्त अन्य कोई फोरमेटिंग व एडिटिंग नहीं करें अन्यथा किये गये कार्य के लिये कोई अंक प्रदान नहीं किये जावेंगे।
7) परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक अभ्यर्थी प्रश्नपत्र के नीचे वर्णित प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर करके वीक्षक (Invigilator) को वापिस लौटायेगा ।
8) प्रश्न जिनके उत्तर दिये जाने है, से संबंधित आवश्यक सामग्री (Paragraph, Table, Text etc.) कम्प्यूटर स्क्रीन पर पहले से ही (By Default) उपलब्ध है, जिस पर ही प्रश्नों को हल करना है।

### –अन्य दिशा–निर्देश–

अंगेजी टाईप के लिए प्रचलित फोंट का प्रयोग किया जायेगा तथा हिन्दी टाईपिंग के लिए Standard की–बोर्ड एवं DevLys 010 फोंट का प्रयोग किया जायेगा।

**Hindi Keyboard**




**नोटः– यह की–बोर्ड केवल दृष्टांत रूप है, इसे DevLys 010 फोंट के अनुरूप चैक कर लेवें। की–बोर्ड ( Keyboard) की कुछ Keys DevLys 010 फोंट के अनुरूप दृष्टांत से भिन्न (Different) हो सकती है। उक्त की–बोर्ड (Keyboard) एक उदाहरण हेतु उपयोग में लिया गया है, अभ्यर्थी को DevLys 010 हिन्दी फोंट ही हिन्दी परीक्षा हेतु उपयोग करना है।**

# अतिरिक्त दिशा-निर्देश

1. अभ्यर्थी को चारों प्रश्न पत्र में दोनो भाषाओं की गति व दक्षता परीक्षण परीक्षा देना तथा उत्तीर्ण हेतु न्यूनतम अर्हता अंक प्राप्त करना अनिवार्य है, अन्यथा वह अनुत्तीर्ण माना जायेगा ।
2. परीक्षा शुरू होने से पहले अभ्यर्थी को दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लेना चाहिये तथा अपनी आवश्यक सूचनाओं की प्रविष्टि कम्प्यूटर पर ध्यानपूर्वक करें ।
3. अभ्यर्थी परीक्षा हॉल में अपनी जगह पर बैठने के पश्चात् कम्प्यूटर पर Login करके अभ्यास परीक्षण (Pratice Test) में अपने की-बोर्ड एवं माउस का परीक्षण करके सुनिश्चित कर लेवें कि की-बोर्ड एवं माउस भी पूर्ण रूप से सही कार्य कर रहें हैं अथवा नहीं तथा यह भी सुनिश्चित कर लेवे कि कम्प्यूटर सही ढंग से कार्य कर रहा है अथवा नहीं। परीक्षा शुरू होने के पूर्व उपरोक्त के बारे में अभिजागर को सूचित नहीं करने की दशा में सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।
4. टंकण गति एवं दक्षता परीक्षण हेतु विशेष रूप से बनाये गये सॉफ्टवेयर का ही उपयोग किया जायेगा ।
5. अभ्यर्थी द्वारा एक बार टेस्ट शुरू करने के बाद व सीधा पूर्ण समय होने के बाद ही रूकेगा, अतः अभ्यर्थी इस बात का ध्यान रखें कि समय को नष्ट किये बगैर दिये गये प्रश्न पत्र को पूर्ण रूप से सही टाईप / प्रविष्टियाँ करने की कोशिश करें।
6. परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल फोन इत्यादि का प्रयोग वर्जित रहेगा।
7. अभ्यर्थी अपना कोई की बोर्ड एवं कोई की - बोर्ड स्टीगर साथ लेकर नहीं आवें । परीक्षा में किसी भी प्रकार के की-बोर्ड स्टीगर की अनुमति नहीं है।
8. कम्प्यूटर पर ऑनलाइन परीक्षा से पूर्व अथवा परीक्षा समय में परीक्षा सॉफ्टवेयर के अतिरिक्त किसी अन्य सॉफ्टवेयर को नहीं खोलें अन्यथा इससे होने वाली समस्या के आप स्वयं जिम्मेदार होगें ।
9. परीक्षा के दौरान Alt एवं Control Key का उपयोग नहीं करें।
10. दक्षता परीक्षण आवश्यकतानुसार Back Space का उपयोग किया जा सकता है।
11. परीक्षा में किसी शॉर्टकट की का प्रयोग नहीं करें।
12. पूरी टंकण गति एवं दक्षता परीक्षण परीक्षा में माउस का उपयोग आवश्यकता होने पर किया जा सकता है।
13. यदि किसी कारण से हार्डवेयर या सॉफ्टवेयर में समस्या आ रही है तो अभिजागर को तुरन्त सूचित करें।